<u>संदेश</u>

लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, माघ बिहु और पोंगल पर्वों के शुभ अवसर पर मैं, देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

भारत की विविधता में एकता के प्रतीक, ये सभी पर्व हमारी संस्कृति के वाहक हैं। विभिन्न क्षेत्रों में ये अलग-अलग रूप में मनाए जाते हैं लेकिन सबका ध्येय सामाजिक समरसता और भाइचारे की भावना को मजबूत करना है। इन त्योहारों के माध्यम से हम प्रकृति का आभार भी व्यक्त करते हैं।

मैं कामना करती हूं कि ये सभी त्योहार भारत के विभिन्न समुदायों को प्रेम, सौहार्द और स्नेह के बंधन में बांधें और सभी के लिए खुशहाली और सुख-समृद्धि लेकर आएं।

****